दिनांक 18 मार्च 2021 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

मैत्री गार्डन सहित भिलाई निगम क्षेत्र के कई उद्यान आगामी आदेश तक बंद रहेंगे, निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने जारी किया आदेश

भिलाई नगर/ कोरोना के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए भिलाई निगम क्षेत्र के कई प्रमुख उद्यान जहां लोगों का भारी मात्रा में आना जाना लगा होता है उसे आज से बंद करने का फैसला निगमायुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने लिया है! उन्होंने इसका आदेश भी जारी कर दिया है! यही नहीं इसके अलावा खेलकूद के स्थलों को भी बंद रखा जाएगा! बंद होने वाले स्थानों में भेलवा तालाब नेहरू नगर, शहीद पार्क सेक्टर 5, मैत्री गार्डन मरोदा, बापू नगर उद्यान खुर्सीपार, शहीद राजेश पटेल स्पोर्ट्स कांपलेक्स सेक्टर 2 एवं जवाहर नगर स्पोर्ट्स कांपलेक्स वार्ड 25 शामिल है! यह सभी स्थान आज से आगामी आदेश तक बंद रहेंगे!